तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025



12 भाजपा मनरेगा का नाम बदलकर योजना को ...





12 अतरमरा में अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का समपान











## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन व व्हिस्की शराब बरामद

**महासमुंद।** शहर में कोतवाली पुलिस ने एक युवक के कब्जे से देशी प्लेन व व्हिस्की शराब जब्त किया है। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद तुमाडबरी रोड आत्मानंद स्कूल के पास आरोपी यश सोनटके पिता गंगासागर सोनटके (19 साल) निवासी जेल पारा बेमचा थाना व जिला महासमुंद के कब्जे से 70 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 5600 रुपए और 30 पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की कीमत 3600 रुपए कुल 9200 रुपए की शराब बरामद किया। आरोपी के कब्जे से एक्टिवा कीमत 30, 000 रुपए को भी जब्त किया गया है। मामले में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) का अपराध के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ व देशी प्लेन शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को 27 दिसंबर को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सुवरमार पहाड़ के नीचे आम पेड़ के पास शराब बिक्री कर रहा है। सूचने मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम तजेश्वर टंडन पिता संतोष टंडन (19 साल) सुवरमार थाना कोमाखान होना बताया। आरोपी के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब कुल कीमत 6000 रुपए एवं बिक्री रकम 500 रुपए को जब्त किया। धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह पटेवा पुलिस ने ग्राम बरेकेल में झलप-बागबाहरा रोड किनारे खेत में बने झोपड़ी में एक आरोपी के कब्जे से 9 लीटर देशी प्लेन शोले शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया। मामले में डालेश्वर टंडन पिता नाथूराम टंडन (29 वर्ष) ग्राम नरतोरा थाना पटेवा के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### वसीयत को लेकर विवाद, पिता और जीजा ने कर दी पिटाई

**महासमुंद।** वसीयत को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ उसके पिता और जीजा ने जमकर पिटाई कर दी। मामला ग्राम डुडुमचुवा सरायपाली का है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को भुनेश्वर यादव निवासी ग्राम डुडुमचुंवा ने बताया कि 26 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे घर में सभी बैठे थे। हाल में उसकी बड़ी मां ननकी बाई का देहांत हो गया था, उसका दशकर्म किये हैं, इसी बात पर चर्चा हो रही थी। मेरे द्वारा घर-परिवार में बताया गया कि बड़ी मां ननकी बाई यादव ने वर्ष 2013 में अपनी जमीन और घर को प्रार्थी के नाम पर वसीयत की है। जब उसने ऐसा कहा तब पिता जगत राम यादव तथा जीजा सुशील कुमार यादव के द्वारा तू अकेले कैसे ले लेगा कहते हुए गाली गलौज कर एक राय होकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किए। जिससे वह बेहोश हो गया था। होश आने पर डायल 112 के जरिए शासकीय अस्पताल सरायपाली में भर्ती किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**समस्या :** वाहन को साइड देते समय पहिया नीचे उतरते ही पलट रही गाड़ियां

# नेशनल हाईवे 130 सी पर एक साल में दर्जनों मौतें जर्जर शोल्डर और जानलेवा गड्ढों से सहमे राहगीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

रायपुर को ओडिशा सीमा से जोड़ने वाला नेशनल हाईवे 130-सी (मैनपुर-देवभोग मार्ग) इन दिनों राहगीरों के लिए काल का पर्याय बन चुका है। आलम यह है कि पिछले एक साल के भीतर इस मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं में दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है, जबकि सैकड़ों लोग घायल होकर अपंगता का शिकार हुए हैं। प्रशासन और विभाग की अनदेखी के चलते यह मुख्य मार्ग अब 'मौत की सड़क' के नाम से जाना जाने लगा है। मैनपुर से महज 4 किलोमीटर दूर स्थित बरदुला घाटी के पास स्थिति सबसे भयावह है। यहाँ वर्षों से सड़क के किनारों (सोल्डर) की मिट्टी उखड़ चुकी है, जिससे सड़क के ठीक बगल में 5 से 6 फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं। झरियाबाहरा से लेकर धुरवागुड़ी तक की सड़क इतनी संकरी है कि सामने से आ रहे वाहन को साइड देते समय पहिया नीचे उतरते ही गाड़ियां पलट रही हैं। पिछले दो महीनों में ही 3 दर्जन से अधिक दुर्घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो चुकी है।

- बरदुला घाटी और धुरवागुड़ी के बीच ब्लैक पॉइंट



**प्रमुख समस्याएं एक नजर में**

- सिंगल रोड : भारी वाहनों के दबाव के बावजूद सड़क का संकरा होना।
- खतरनाक सोल्डर : सड़क किनारे 3 से 4 फीट गहरे जानलेवा गड्ढे।
- अधूरा निर्माण : पर्यावरण क्लीयरेंस के नाम पर मैनपुर-धुरवागुड़ी खंड का काम बंद होना।
- गलत डिवाइडर : निर्माणाधीन क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी।



### 7 साल बाद भी बदहाल है नेशनल हाईवे

विदित हो कि अभनपुर से देवभोग तक के 195 किलोमीटर मार्ग को नेशनल हाईवे घोषित हुए करीब 7-8 साल बीत चुके हैं, लेकिन आज भी झरियाबाहरा से धुरवागुड़ी के बीच सड़क की हालत नहीं बदली है। गोहरापदर से ओडिशा सीमा तक चौड़ीकरण का काम तो चल रहा है, लेकिन वहां भी गलत मापदंडों के आधार पर बनाए गए डिवाइडर नई दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं।

### नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने जताई गहरी चिंता



**जनक ध्रुव विधायक, बिंद्रानवागढ़:** एनएच 130-सी की स्थिति बेहद खराब है। मैंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर तत्काल मरम्मत की मांग की है। सिंगल रोड और उखड़ी पटरियों के कारण लगातार जानें जा रही हैं, जिस पर राज्य सरकार को ध्यान देना चाहिए।



**डमरूधर पुजारी पूर्व विधायक, भाजपा:** केंद्र सरकार ने इसे नेशनल हाईवे का दर्जा दिया है। मैनपुर और धुरवागुड़ी के बीच पर्यावरण क्लीयरेंस की वजह से काम रुका है, जिसकी फाइल मंगवाई गई है। विभाग को निर्देश दिए जाएंगे कि तत्काल गड्ढों की मरम्मत करें ताकि दुर्घटनाएं रुक सकें।



**लोकेश्वरी नेताम जिला पंचायत सदस्य:** इस मार्ग से सरकार को भारी राजस्व मिलता है, फिर भी मरम्मत की अनदेखी की जा रही है। एक साल में सैकड़ों लोग दुर्घटना का शिकार हुए हैं। सरकारी आंकड़ों और जमीनी हकीकत की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।/"



**सुखचंद बेसरा जिला अध्यक्ष, कांग्रेस:** सड़क निर्दोषों के खून से लाल हो चुकी है। अगर विभाग ने जल्द ही मरम्मत और निर्माण कार्य शुरू नहीं किया, तो कांग्रेस पार्टी जनता के हितों के लिए बड़ा आंदोलन छेड़ने को मजबूर होगी।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

देवभोग थाना क्षेत्र के टिकरापारा गांव में रविवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव के निवासी सोहन मरकाम (उम्र 17 वर्ष) दोपहर करीब 12 बजे नहाने के लिए घर से निकला, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। जब देर शाम तक युवक का कोई पता नहीं चला, तो ग्रामीणों और उसके परिजनों ने मिलकर उसकी तलाश शुरू की।



खेत–खलिहान और डाबरी क्षेत्र में खोजबीन के दौरान रात करीब 10 बजे, टिकरापारा गांव से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अपने ही खेत में, सोहन मरकाम का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ दिखाई दिया। इस घटना के बाद से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी तत्काल देवभोग पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल नाबालिग द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस द्वारा परिजनों से पूछताछ की जा रही है और मामले की हर पहलू से जांच जारी है। गौरतलब है कि देवभोग क्षेत्र में इसी माह इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे क्षेत्र में चिंता और भय का माहौल है। नाबालिग की इस मौत ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# कोपरा में कांग्रेस का स्थापना दिवस श्रद्धा व संकल्प के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



नगर पंचायत कोपरा के गांधी चौक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में उसके योगदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी अवध सिन्हा ने कहा कि जब भारत अंग्रेजी शासन की गुलामी में जकड़ा हुआ था, तब सन 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की गई। यह संगठन देश की आज़ादी के लिए जनसंवाद और राजनीतिक चेतना का सशक्त मंच बना। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कांग्रेस को जन आंदोलन का स्वरूप दिया और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्र कराने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश साहू ने कहा कि देश की सबसे बड़ी और पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस से जुड़कर जनता की सेवा करने का अवसर मिलना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी जनता को गुमराह कर राजनीति कर रही है, जिसे कांग्रेस समय-समय पर आंदोलनों के माध्यम से उजागर करती रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि योजनाओं के नाम बदलकर राजनीति की जा रही है। भगवान राम पूरे देश के आराध्य हैं, उनके नाम पर राजनीति करना उचित नहीं है।

कार्यक्रम में प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर योगेश साहू, अवध राम सिन्हा,पूर्व सरपंच योगेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच सूरज दाऊ, केजुराम साहू, पन्नालाल साहू, संध्या ठाकुर, पार्षद शिवम सिन्हा, विक्रम साहू, दामिनी साहू, केवरा साहू, सोमेश पटेल, बेदू साहू, शंकर पुरैना, डागेंद्र उर्फ अनिरुद्ध साहू, गौकरण तारक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा जनता के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

# जुगाड़ के किराना गोदाम से 16 क्विंटल अवैध धान और 14 क्विंटल पीडीएस चावल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अवैध धान परिवहन पर प्रशासन की लगातार कार्यवाही से धान कोचियों के हौसले पस्त हैं तो दूसरी और मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी डॉ. तुलसीदास मरकाम लगातार क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए प्रशासनिक नियमों को ताक में रखते हुए आंख बिचोली करने वालों के ऊपर सतत निगरानी भी रख रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज रविवार को मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी डॉ. तुलसीदास मरकाम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम जुगाड़ स्थित एक किराना स्टोर के गोदाम में में अवैध रूप से 16 क्विंटल 46 कट्टा धान व 14 क्विंटल पीडीएस का चांवल डंप होना पाया गया।

जिसकी कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जब्त कर प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए गोदाम को सील कर दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी डॉ तुलसीदास मरकाम ने कहा कि प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। किराना स्टोर के गोदाम में रखे अवैध धान व पीडीएस का चावल जप्त कर प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए मालिक को सुपुर्दनामा में दिया गया है। आंखबिचोली करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

**भाजयुमो ने फूंका सनातन विरोधी बघेल का पुतला**

# कांग्रेस पार्टी के नेता भगवान श्रीराम के विरोधी हैंः भाजयुमो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता युवा मोर्चा गरियाबंद ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सनातन विरोधी भूपेश बघेल का आज पुतला दहन किया। कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा सनातन धर्म और साधु-संतो का अपमान करते रहे हैं। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो। उन्होंने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। राम मंदिर बनने





और आमंत्रण मिलने के बाद भी गांधी-परिवार दर्शन करने नहीं गया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्री टिकरिहा न कहा कि कांग्रेस नेताओं ने हमारे मान-बिंदुओं को लगातार अपमानित किया हैं, हमारे साधु-संतों का अपमान किया हैं। पंडित ▶▶| शेष पेज 12 पर

### कांग्रेस का सनातन विरोधी चेहरा उजागर

जिला अध्यक्ष हेमंत नागेश ने कहा कि कांग्रेस नेता भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव ने जिस तरह से संतो एवं सनातनियों का अपमान किया है उसे युवा मोर्चा कभी माफ नहीं करेगी देश के सनातनी कभी माफ नहीं करेंगे कांग्रेस का संत विरोधी सनातन विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। इस दौरान जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, भाजपा कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमंत नागेश, सुमित पारेख, रिखी राम यादव, धनराज विश्वकर्मा, बलदेव हुंदल, अनूप भोसले, अमित वखारिया, सागर मायनी, प्रकाश सोनी, यश मिश्रा, वेश राठौर, भीम निषाद, नमन सेन, रवि चंद्राकर, नमन निर्मलकर, शुभम सांग, सुजल कोठारी, आशीष पाण्डेय, प्रतीक सिंह, हरिशंकर निषाद, शरद कुमार, डायमंड साहू, सत्या साहू, पीयूष सिन्हा, लेखराज साहू मौजूद थे।

# निजीकरण के विरोध में निकाली जंगी रैली, भाजपा सरकार का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ब्लॉक युवा कांग्रेस मैनपुर द्वारा रविवार को मैनपुर मे जंगी रैली निकाल केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बस स्टैण्ड पहुंचे और भाजपा सरकार का पुतला जलाकर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश ने केन्द्र और राज्य के भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की धीरे -धीरे सरकार उपक्रमो को नीजी हाथों में सौंपा जा रहा है। भिलाई का मैत्रीबाग स्कूल को भी निजी हाथों मे सौंपने की तैयारी किया जा रहा है। आज प्रदेश मे जल जंगल जमीन सुरक्षित नही है जिसके कारण हम पुतला दहन कर ▶▶| शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**

### तमनार व परसोडिकला की घटना सरकार के तानाशाही रवैये का प्रमाण : विनोद

**महासमुंद।** रायगढ़ के तमनार में उपजे विवाद को लेकर पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि यह घटना भाजपा सरकार की तानाशाही रवैये का जीता-जागता प्रमाण है। यहां कोल खदान के खिलाफ दर्जनों गाँवों के हजारों लोग विरोध कर रहे हैं, उसके बाद भी जनभावनाओं के विपरीत जाकर खदान विस्तार के लिए किसानों की जमीन, जंगल को उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। इसी तरह रायगढ़ के ही छाल, सरगुजा के अमेरा ओपनकास्ट खदान, कोरबा के गेवरा में कोल खनन का विरोध ग्रामीण कर रहे हैं। सरकार केवल उद्योगपतियों का समर्थन कर रहा है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीण अपनी सुरक्षा के लिए आक्रामक रूख अपनाने विवश हो रहे हैं। तमनार ब्लाक में प्रस्तावित गारे-पेलमा कोल ब्लाक की जनसुनवाई का विरोध करने हजारों ग्रामीण एकत्र हुए थे। लेकिन, जनसुनवाई नियत स्थल स्कूल मैदान में न कराकर बंद कमरे में की गई। सरगुजा जिले के लखनपुर विखं के ग्राम परसोडिकला में पुलिस व स्थानीय ग्रामीणों के बीच हुए टकराव लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला है। यहां गुजरात की एक निजी कंपनी से सरकारी खदान से कोल उत्खनन कराया जा रहा है। प्रदूषण व पर्यावरणीय क्षति के विरोध में लोग विरोध कर रहे हैं। जिसके बाद उन पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया और आंसू गैस छोड़े गए। भाजपा की सरकार बाहर की कंपनियों को लाभ पहुंचाने स्थानीय समुदायों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है।

### शिक्षक सुशील को मिला राष्ट्रीय शिक्षक रत्न समता अवार्ड

**बसना।** राष्ट्रीय समता साहित्य परिषद के तत्वावधान में समता साहित्य अकादमी के बैनर तले 18वां राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन 2025 का आयोजन 27 दिसंबर को भुवनेश्वर (ओडिशा) के भारतीय विद्या भवन में हुआ। कार्यक्रम में 10 राज्यों में से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के लिए सम्मिलित हुए। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से 12 प्रतिभाओं ने पुरस्कार ग्रहण किए। महासमुंद जिले के बसना से एकमात्र शिक्षक सुशील प्रधान शासकीय प्राथमिक शाला बिछिया (पो) को राष्ट्रीय शिक्षक रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। 18वां राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन में मुख्य अतिथि बिकाशा देबबर्मा मंत्री त्रिपुरा सरकार, सम्मेलन के अध्यक्ष भजमन बेहरा पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, वक्ता डॉ. जनक सिंह मीणा अध्यक्ष न्यू पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सोसाइटी ऑफ आइडियाज नई दिल्ली, अतिथि पिनाकी दास चौधरी विधायक त्रिपुरा, कल्याणी साहा रॉय विधायक त्रिपुरा की उपस्थिति में और स्वागत अध्यक्ष डॉ. डीएस तांडेकर समता साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में हुआ। सम्मान मिलने पर सहपाठी, मित्रों, शिक्षकों व परिवारजनों ने हर्ष जताया है।

### मनरेगा मजदूरों का सम्मान कर मनाया कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवसः अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर और केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा में किये जा रहे तुगलकी फरमान के खिलाफ ग्राम टेका में चल रहे मनरेगा कार्यक्रम में जा मजदूरी कर यहां के श्रमिकों को जागरूक किया। अंकित ने बताया कि कोरोनाकाल में भूपेश बघेल के कार्यकाल में ये योजना जीवन दायीं बनी थी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इसी योजना के चलते 2006 के बाद जान आई थी। अंकित ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वह पार्टी है, जिसने महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, सरदार पटेल, मौलाना आज़ाद और लालबहादुर शास्त्री जैसे महापुरुषों के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी। अन्याय, अत्याचार, दमन और हिंसा के खिलाफ सत्य, अहिंसा, प्रेम और भाईचारे को अपना हथियार बनाया।

धान खरीदी : रसेला में 658 किसानों ने बेचा धान, उठाव के लिए प्रबंधकों ने कलेक्टर को लिखा पत्र

# रसेला केंद्र में 10 करोड़ से अधिक की धान खरीदी उठाव की सुस्त रफ्तार से प्रबंधकों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी क्षेत्र के सभी धान उपार्जन केन्द्रों पर धान खरीदी का महाअभियान अनवरत रूप से जारी है। पिछले माह 15 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी के तहत 26 दिसंबर तक रसेला उपार्जन केन्द्र में 42932 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिसकी कुल राशि दस करोड़ सत्रह लाख चौहत्तर हजार नौ सौ बत्तीस रुपए है। अभी तक समिति द्वारा ऋण वसूली एक करोड़ बियासी लाख अडतीस हजार रुपए,कुल पंजीकृत किसान जिसने अपना धान विक्रय 658 और वही अब तक उठाव के लिए डीओ कटे हैं 3,430 क्विंटल जिसमें मिल के लिए परिवहन 1190,00 क्विंटल किया गया है। अभी भी धान उपार्जन केन्द्र में 41742 हजार क्विंटल खुलें आसमान के नीचे रखा हुआ है। समय पर धान उठाव नहीं होने के चलते समितियों में रखें धान में सूखत आना स्वाभाविक है। जिससे समिति प्रबंधकों पर चिंता मंडरा रही है। पिछले वर्षों में आईं सूखत की समस्या से कर्मचारियों, समिति प्रबंधकों को काफी परेशान होना पड़ा था। अधिकांश समितियों को शार्टज की समस्या से जूझना पड़ा था।

**प्रशासन को लिखा पत्र व्यवस्थाएं चाक-चौबंद**

समिति के प्राधिकृत अधिकारी भुवेन्द्र मरकाम और प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि धान उठाव के लिए कलेक्टर और विपणन को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है, फिर भी उपार्जन केन्द्रों से समय पर धान का उठाव नहीं हो रहा है, किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए सभी केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है। धान खरीदी की व्यवस्था पर निगरानी के लिए सभी केन्द्रों में अधिकारी तैनात किए गए हैं। जिला स्तर के अधिकारी लगातार दौरा कर धान खरीदी एवं केन्द्रों की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। बाहर से धान की आवक की रोकथाम के लिए चेकपोस्ट पर अधिकारी तैनात किए गए हैं।

## ग्राम रक्सी में 5 लाख की लागत से सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

ग्राम पंचायत टोनहीडबरी के आश्रित ग्राम रक्सी में 28 दिसंबर को 5 लाख की लागत से सीसी रोड का भूमिपूजन के मुख्यातिथि पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू, अध्यक्षता जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, विशेष अतिथि के रूप में सरपंच सरिता ध्रुव, मकरम ठाकुर,परस सिन्हा, शिवलाल सिन्हा सुखम सिंह, पंच धान बाई, रूपा बाई,कौशिल्य, कविता सिन्हा, कल्याणी व ग्राम के गणमान्य नागरिक ने पूजा अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि राजेश साहू ने कहा कि सीसी रोड एक विकास कार्यों का हिस्सा है और इससे ग्रामीणों को कीचड़ और धूल से राहत मिलेगी, जो बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही कहा कि ये विकास कार्य स्थानीय लोगों के जीवन को सुगम बनाने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सहायक होंगे। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने भारी उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने कहा गांव का विकास सिर्फ सीसी रोड, नाली, भवन, रंगमंच निर्माण करने मात्र से नहीं होगा। जब तक हम अपने बच्चों और युवाओं को शिक्षा और संस्कार नहीं देंगे तब तक हम अपने गांव को विकसित गांव में नहीं गिन सकते। उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र के गांवों में विकास मेरी पहली प्राथमिकता है और गांव की जो भी मूलभूत आवश्यकता होगी वो उनके कार्यकाल में जरूर पूरी होगी। सरपंच सरिता ध्रुव ने कहा कि गांव के युवा ऊर्जावान छात्रों और उनके पालकों से अच्छी शिक्षा ग्रहण करने और कराने का आह्वान करते हुए कहा कि गांव के विकास के लिए शिक्षा और संस्कार भी आवश्यक है। सभी ग्रामवासियों ने खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, राजेश साहू, खोमन चन्द्राकर का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान ग्राम रक्सी के समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सनातन धर्म शाश्वत जीवन पद्धति है : संदीप शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव

ग्राम रानीपरतेवा में आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन में श्रद्धा और विचार का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त एवं अध्यक्ष राज्य खाद्य आयोग संदीप शर्मा रहे। इस अवसर पर उन्होंने सनातन धर्म की प्राचीनता और उसकी वैश्विक प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संदीप शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म दुनिया के सबसे प्राचीन जीवित धर्मों में से एक है। इसकी प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं कोई एकल संस्थापक नहीं यह किसी व्यक्ति विशेष द्वारा स्थापित नहीं, बल्कि हजारों वर्षों के आध्यात्मिक विकास का परिणाम है। वेद, उपनिषद, रामायण और भगवद गीता जैसे ग्रंथ इस धर्म के आधार स्तंभ हैं। शैव, वैष्णव और शाक्त जैसे विभिन्न संप्रदायों के बावजूद, यह धर्म एक ही ब्रह्मांडीय ऊर्जा (ब्रह्म) में विश्वास करता है। कर्म (कर्तव्य), धर्म (नैतिकता) और मोक्ष (मुक्ति) इसके मूल सिद्धांत हैं, जो जीवन जीने की सही पद्धति सिखाते हैं।

- रानीपरतेवा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**सांस्कृतिक और राजनीतिक प्रहार**

श्री शर्मा ने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज कुछ राजनीतिक दल और कट्टर हिंदू विरोधी तत्व हिंदुओं को बांटने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे सनातन धर्म के संरक्षण के पक्ष में खड़े हैं, जबकि अन्य राजनीतिक लोग इसका विरोध कर रहे हैं। ओम शांति सेंटर की अंशु दीदी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और नागरिक अनुशासन पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि संभाव और संयमित जीवन शैली ही समाज को सुखी बना सकती है। आरएसएस नगर शारीरिक प्रमुख चन्द्रहास श्रीवास ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों और राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका को विस्तार से बताया। सम्मेलन में अजय शुक्ला, संदीप पाण्डेय, मेषनंदन पाण्डेय, नरेंद्र तिवारी, सरपंच हेमलाल नेताम, प्रकाश सिन्हा, सोमन यदु, खोमन चन्द्राकार और जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य उपस्थित रहे। सरस्वती शिशु मंदिर रानीपरतेवा के शिक्षकों और ग्राम पंचायत के पंचों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।




## कृषि कॉलेज फिंगेश्वर का 32 सदस्यीय दल युवा महोत्सव के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव मड़ई 2025 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए कृषि महाविद्यालय फिंगेश्वर (गरियाबंद) का सांस्कृतिक दल रवाना हो चुका है। यह भव्य महोत्सव 26 से 29 दिसंबर, 2025 तक राजधानी रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस चार दिवसीय महोत्सव में नृत्य, नाटक, गायन, वादन, साहित्यिक और ललित कला जैसी 20 से अधिक विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी। पूरे प्रदेश के 31 महाविद्यालयों से आए लगभग 900 प्रतिभागी इस आयोजन का हिस्सा बन रहे हैं, जो अपनी सांस्कृतिक जड़ों और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

## सामाजिक भवनों के लिए 1.01 करोड़ स्वीकृत विधायक का साहू समाज ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर



फिंगेश्वर नगर के सामाजिक एवं सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभिन्न समाजों के सामाजिक भवन निर्माण के लिए कुल एक करोड़ एक लाख सत्ताईस हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति में नगर साहू संघ फिंगेश्वर के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपये की राशि भी शामिल है। यह स्वीकृति राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर प्रदान की गई है।

सामाजिक भवनों के निर्माण से विभिन्न समाजों को अपनी सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए स्थायी एवं सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। इससे समाजों के बीच आपसी समन्वय, संगठनात्मक मजबूती तथा सामाजिक चेतना को भी बढ़ावा मिलेगा।इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए नगर साहू संघ फिंगेश्वर के संरक्षक कुंज बिहारी साहू, प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष राजू साहू,नगर साहू संघ अध्यक्ष उमाशंकर साहू,सचिव टिकेश साहू,उपाध्यक्ष मुकेश साहू,वेदराम साहू एवं परस साहू, कोषाध्यक्ष चिमनलाल साहू,ग्रामीण अध्यक्ष दर्रीपार ठाकुर राम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लालपुर मनोहर साहू सहित राजेन्द्र साहू, जितेंद्र साहू, गुलजारी साहू, हुलास साहू, मंथिर साहू, प्रेमलाल साहू, बिरझु राम साहू, संजय साहू, मिलाप साहू सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण विधायक निवास पहुंचे। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने श्रीफल एवं शाल भेंट कर विधायक रोहित साहू के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज प्रमुखों ने कहा कि विधायक श्री साहू के सतत प्रयासों से क्षेत्र में सामाजिक विकास को नई गति मिल रही है। विधायक रोहित साहू ने इस अवसर पर कहा कि समाजों के लिए आधारभूत सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी फिंगेश्वर सहित संपूर्ण राजिम विधानसभा क्षेत्र में जनहित एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

## 12 बालिकाएं रग्बी खेलने रायपुर रवाना जनपद उपाध्यक्ष ने किया आर्थिक सहयोग

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा और मुढ़ेना की 12 प्रतिभावान बालिकाओं का दल रायपुर के कोटा स्टेडियम में आयोजित होने वाली रग्बी खेल ओपन प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिनकी रवानगी 28 तारीख को होगी और मुख्य खेल स्पर्धा 29 तारीख को संपन्न की जाएगी। ग्रामीण अंचल की इन बेटियों के जज्बे और खेल के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आर्थिक सहयोग का हाथ बढ़ाया है, जिससे खिलाड़ियों के संसाधनों और यात्रा संबंधी बाधाएं दूर हुई हैं। टीम में शामिल जिया खान, शिवानी बघेल, प्रियंका साहू, निशा ध्रुव, जानवी चंद्राकर, लोकेश्वरी चंद्राकर, श्वेता चंद्राकर, नंदिनी निषाद, मेघना चंद्राकर, कंचन यादव, गीतांजलि साहू और सुहाना धीवर जैसी होनहार खिलाड़ियों का यह दल



न केवल खेल भावना का परिचय देगा, बल्कि जिला स्तर पर अपने क्षेत्र का नाम भी रोशन करेगा। जनपद उपाध्यक्ष के इस प्रोत्साहन और आर्थिक संबल की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में ग्रामीण बालिकाओं का एक साथ जिला स्तरीय खेल मंच पर पहुंचना महिला सशक्तिकरण और खेल विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड ब्रिज कोर्स कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्री, पंकज अरोड़ा-अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद, सचिव शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़, संचालक एससीईआरटी छत्तीसगढ़ व संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ को पत्र लिखकर शिक्षकों के प्रमोशन के लिए डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड के 'ब्रिज कोर्स' के लिए प्रावधान बनाते हुए ब्रिज कोर्स कराने की मांग की है।



ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा(शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2019 में व्याख्याता पदोन्नति के लिए प्रशिक्षित स्नातकोत्तर का प्रावधान किया गया था, जिसके तहत बीएड या डीएड या समकक्ष शिक्षक भी पदोन्नति की पात्रता रखते थे, किन्तु एनसीटीई के प्रावधान के आधार पर माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद केवल बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है, इससे हजारों डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचित हुए है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू, प्रदेश सहसचिव विनोद सिन्हा, संयुक्त सचिव प्रदेश यशवंत बघेल, जिला अध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर आईटी सेल गिरीश शर्मा, टिकेंद्र यदु,जिला पदाधिकारी भुवन यदु,लता ध्रुव घनश्याम दिवाकर,नंदकुमार रामटेके,दिनेश्वर साहू, सुरेश केला, आरएस कंवर, जमशीर कुरैशी, सलीम मेमन, कमलेज़ बघेल, संजय यादव, ब्लॉक पदाधिकारी हुलस साहू, जीतेन्द्र सोनवानी,संतोष साहू,धवले"वर बेहरा,गोत्रृवद पटेल,किरण साहू,डगेश्वर ध्रुव,छगन दीवान,प्रहलाद मेश्राम, कृपाराम बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ व अन्य प्रदेश के हजारों डीएड, डीपीई,बीटीआई या समकक्ष प्रशिक्षित शिक्षक प्राथमिक सहायक शिक्षक व पूर्व माध्यमिक शिक्षक पद पर कार्यरत हैं, माननीय उच्चतम न्यायालय के वर्तमान निर्णय और एनसीटीई के दिशा-निर्देश के आलोक में प्राथमिक सहायक शिक्षकों व पूर्व माध्यमिक शिक्षकों के लिए प्रमोशन के लिए बीएड की अनिवार्यता की गई है जिससे हजारों शिक्षक प्रभावित होकर प्रमोशन से वंचित व पीड़ित हुए है, इससे बीएड ब्रिज कोर्स की प्रासंगिकता व अनिवार्यता महसूस किया जा रहा है।

वर्तमान में कक्षाएं आईटीआई के छात्रावास भवन में लग रही हैं

## कृषि कॉलेज भवन की मांग को लेकर 30 से चक्काजाम और भूख हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

नगर में शासकीय कृषि महाविद्यालय के भवन निर्माण को लेकर शासन-प्रशासन के रवैये से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नगर विकास समिति ने निर्णय लिया है कि मांग पूरी न होने की स्थिति में 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक रानी श्याम कुमारी चौक में क्रमिक धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल और चक्काजाम किया जाएगा। समिति ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो यह आंदोलन अनिश्चितकालीन भी हो सकता है। नगर विकास समिति के अध्यक्ष भागवत हरित ने बताया कि इस महाविद्यालय का वर्चुअल उद्घाटन 2019 में ही हो चुका है, जिसका शिलालेख आज भी मौजूद है। वर्तमान में कक्षाएं आईटीआई के छात्रावास भवन में लग रही हैं, जो काफी छोटी पड़ती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला कलेक्टर द्वारा फिंगेश्वर की जमीन को अनुपयोगी बताकर कॉलेज को किसी अन्य 'प्रायोजित' ग्राम पंचायत में स्थानांतरित करने की साजिश रची जा रही है। जबकि फिंगेश्वर ब्लॉक मुख्यालय में अस्पताल, पुलिस थाना, बाजार और पर्याप्त जमीन जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।




**मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के आश्वासनों पर सवाल**

समिति का कहना है कि विधायक रोहित साहू ने विधानसभा सत्र के दौरान फिंगेश्वर में ही कॉलेज खोलने की मांग उठाई थी, जिस पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने सहमति दी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी आश्वासन दिया था। अब प्रशासन के मुकरने से जनता में गहरा असंतोष है। सतीश यादव ने कहा की भाजपा जो कहती है वह पूरा नहीं करती। विधानसभा सदन में बात होने के बाद भी कॉलेज दूसरी जगह क्यों जा रहा है? सरकार ने क्षेत्रवासियों के अरमानों को कुचला है। किरण सोनी ने कहा की लोकतंत्र के पवित्र मंदिर (विधानसभा) में फिंगेश्वर के लिए मांग हुई थी, फिर शासन क्यों मुकर रहा है? जनता ने विश्वास कर प्रतिनिधि चुना था, लेकिन वे शासन के सामने बौने साबित हो रहे हैं। अशोक साहू ने कहा की अगर जनता की नाराजगी रही, तो फिंगेश्वर की जनता तख्त और ताज बदलना भी जानती है। इसका खामियाजा आगामी विधानसभा चुनाव में भुगतना होगा। नगर विकास समिति ने इस प्रदर्शन के लिए गांव-गांव में जनसंपर्क कर नागरिकों और ग्रामीणों को आमंत्रित किया है। रानी श्याम कुमारी चौक पर होने वाले इस प्रदर्शन को लेकर स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भी अलर्ट कर दिया गया है।

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

# सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

# हरिभूमि

## रायपुर संस्करण के 24 वें

# स्थापना दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं...




हरिभूमि समाचार पत्र के 24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता और उज्ज्वल भविष्य की ओरपत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम ही नहीं होती, बल्कि यह समाज का दर्पण, लोकतंत्र की रीढ़ और जन-जन की आवाज़ होती है! ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र का 24 वर्ष पूर्ण करना केवल एक संस्थान की वर्षगांठ नहीं, बल्कि प्रतिबद्ध, निर्भीक और जनोन्मुख पत्रकारिता की एक सशक्त यात्रा का उत्सव है! हरिभूमि समाचार पत्र अपने रजत जयंती वर्ष के राह पर निकल चली है! 24 वर्ष पूर्व जिस उद्देश्य, विश्वास और संकल्प के साने अपने कदम बढ़ाए, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और मजबूत दिखाई देता है!इन वर्षों में हरिभूमि समाचार पत्र ने समय के साथ स्वयं को बदला, तकनीक को अपनाया, पाठकों की अपेक्षाओं को समझा और अपनी पत्रकारिता की धार को लगातार तेज किया, तारीफ़ के काबिल है! यही कारण है कि आज हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि करोड़ों पाठकों का भरोसा भी बन चुका है! हरिभूमि की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और साहसिक लेखनी रही है, साथ ही साथ जब-जब समाज को सच की आवश्यकता पड़ी, तब-तब इस अखबार ने बिना किसी दबाव के सच्चाई को सामने रखा जैसे कि ग्रामीण मुद्दों से लेकर शहरी समस्याओं तक, राजनीति से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और खेल तक का सफ़र हरिभूमि ने हर वर्ग और हर विषय को समान महत्व दिया है !यही समावेशी दृष्टिकोण इसे अन्य समाचार माध्यमों से अलग पहचान देता है! आज के दौर में, जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रही है, फेक न्यूज़, टीआरपी की होड़, डिजिटल दबाव ऐसे समय में हरिभूमि का 24 वर्षों तक अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है!यह सफलता संपादकीय टीम, संवाददाताओं, कर्मचारियों और प्रबंधन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया वो सम्मान के हकदार भी हैं।

## सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण



हरिभूमि समाचार पत्र एक ऐसा अखबार है जो सभी धर्म-संप्रदाय के हक में अपने विचार रखता है, हरिभूमि जन साधारण के पास जाकर, उनसे उनकी समस्याओं के बारे में लोगो की समस्याए सुनकर समस्याओं के निवारण करते है।

**अनिल चंद्राकर**
जिलाध्यक्ष
भाजपा जिला गरियाबंद

## त्वरित टिप्पणी का जवाब नहीं



जैसा नाम, वैसा ही काम त्वरित टिप्पणी के प्रकाशन होते ही शासन-प्रसासन का तत्काल कार्यवाही होना देखने को मिलता है। त्वरित टिप्पणी में हमेशा सच्ची खबरों को प्रकाशित किया जाना यह हरिभूमि अखबार का दायित्व व कर्त्तव्य होता है।

**मुरलीधर सिन्हा**
प्रदेश सह संयोजक
भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़

## स्वास्थ्य का खजाना, सेहत



शारीरिक स्वास्थ्य शरीर की स्तिथि को दर्शाता है। हरिभूमि अपने सेहत प्ररिशिष्ठ के माध्यम से शरीर की संरचना, विकास, कार्यप्रणाली और रखरखाव आदि शामिल होता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी पाठकों को दी जाती है।

**आशीष शर्मा**
भाजपा महामंत्री
जिला-गरियाबंद

## हमारी ज़िन्दगी का हिस्सा हरिभूमि



अखबार का महत्व समझने के लिए आपको खुद का महत्व समझना होगा। क्योंकि जब सारे हथियार बेअसर हो जाते हैं तो अखबार ही काम आता है। ठीक उसी तरह हरिभूमि अखबार हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है।

**अजय रोहरा**
कोषाध्यक्ष
भाजपा जिला गरियाबंद

## जब खबर से पोल है खुलती



जब खबर से पोल खुलती है, तभी सच्ची खबर हमें पढने को मिलती है, हरिभूमि ने अपने 23 वर्षो की मेहनत से हमेशा सच्चाई ही प्रकट किया है। इसी वजह से ही पाठकों ने हमें बहुत प्यार एवं विश्वास के साथ हमेशा छ.ग. का नं. 1 अखबार बना दिया।

**रिखी राम यादव**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गरियाबंद

## प्रदेश को नई पहचान दी



हरिभूमि के शुरूआत से ही राज्य के विकास में हरिभूमि का विशेष योगदान रहा, समाचार के माध्यम से जन-जन की आवाज़ को समय-समय पर बुलंद करके शासन, प्रसाशन व जनता की आवाज बनता गया। प्रदेश को नई पहचान देने में योगदान रहा।

**आसिफ़ मेमन**
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गरियाबंद

## सबसे सस्ता, सब से अच्छा



हरिभूमि प्रारम्भ समय में एक रूपये का अखबार आपने पाठकों को सही दाम और सच्ची खबरों के साथ अपने पाठकों के हर घर का सबसे प्रिय अखबार बनता गया, और आज छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े अखबार के रूप में हमारे पाठकों ने हमें यह स्थान दिया।

**प्रवीण साहू**
अध्यक्ष
जिला साहू संघ गरियाबंद

## समाचारों की कसावट हेतु प्रतिबद्ध



भले ही आज का इन्टरनेट युग है मगर समाचार पत्रों एवं अखबारें ने अपनी उपयोगिता को अभी तक बनाए रखा हैं, सस्ती कीमत तथा टिकाऊ खबरों के स्त्रोत समाचार पत्र का महत्व आज भी उतना ही है जितना किसी समय हुआ करता था, हरिभूमि अपने समाचारों हेतु प्रतिबद्ध रहता है।

**इन्द्रजीत महाड़िक**
सदस्य
जिला पंचायत गरियाबंद क्षेत्र क्रमांक 03

## बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक, बाल भूमि



प्रत्येक बच्चे के पास उत्प्रेरणा, शिक्षा, खेल – कूद मनोरंजन और क्रियाकलापों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और संवेदनात्मक विकास का अधिकार है, उसी को देखते हुए हरिभूमि ने बच्चों के लिए बाल भूमि परिशिष्ठ प्रकाशित किया जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास हो सकें।

**चंदन साहू**
महासचिव
जिला साहू संघ गरियाबंद

## नित नये आयाम गढ़ते गया



हरिभूमि के स्थापना दिवस के समय पर ही प्रदेश का ही गठन हाल ही में हुआ था उस समय से आज तक जैसे राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर रहा उसी तरह मेरा प्रिय अखबार हरिभूमि नित नये आयाम गढ़ते

संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि, ब्यूरोप्रमुख जिला - गरियाबंद, मो. 9993223300

## खबर संक्षेप

### बाबा जयंती समारोह में शरीक हुए तुषार

**महासमुंद**। ग्राम जोबा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। पूर्व जनपद सदस्य विक्रम महिलांग के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों द्वारा चंदन, फूल माला,गमछा पहनकर स्वागत किया गया। तुषार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु घासीदास (1756–1850) भारत के एक सन्त थे, जो छत्तीसगढ़ राज्य के बलौदाबाजार जिले के गिरौदपुरी गांव में पिता महंगुदास एवं माता अमरौतिन के यहां अवतरित हुए थे। वे सतनाम पंथ जिसे आम बोलचाल में 'सतनामी समाज' कहा जाता है, के प्रवर्तक थे। उन्होंने अपने समय की सामाजिक आर्थिक विषमता, शोषण तथा जातिवाद को समाप्त करके मानव-मानव एक समान का संदेश दिया।

### भाजपा सरकार में ग्राम जनप्रतिनिधियों का हो रहा शोषणः अंकित

**महासमुंद**। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि जब से छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है पूरे प्रदेश का हाल हर क्षेत्र में बहुत बुरा है। बिजली बिल बढ़ोत्तरी, शराब दुकान में बढ़ोत्तरी, जमीन की कीमतों में वृद्धि, महंगाई में वृद्धि, भ्रष्टाचार में वृद्धि, चोरी, चाकू बाजी में वृद्धि, गोली कांड, बलौदाबाजार कांड, अम्बिकापुर में जंगलों का काटा जाना और तो और मां सीता के स्थान को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसी प्रकार नई सरकार बनने के पश्चात से नवनिर्वाचित ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के मुंह से निवाला तक छीना जा रहा है। अंकित ने बताया कि सभी सरपंच दबी जुबान से बता रहे है कि पहले एक प्रशासनिक कार्यक्रम सांसद खेल महोत्सव तेंदूकोना में हुआ था तो ये प्रशानिक कार्यक्रम पर भी प्रत्येक पंचायतों से 5 हजार की मांग किया गया है ऐसा बताया जा रहा है।

## निधन

### फुलु बाई सिन्हा

**मुड़ागांव(कोरासी)**। ग्राम सोरिद खुर्द निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक तिलक राम सिन्हा अध्यक्ष पेंशनर समाज तहसील शाखा छुरा के धर्मपत्नी फुलु बाई सिन्हा उम्र 85 वर्ष का रविवार को निधन हो गया।



उनके अंतिम संस्कार गृह ग्राम के शमशान घाट में किया गया। वे पूर्व जनपद सदस्य डेमन, तोरण सिन्हा के माता थी। अंतिम संस्कार में नेवरा परिवार डॉ. इदरमन, राकेश, पोखन, ताराशंकर, तारेश्वर, दिनेश, गोविंद, भीखम, चमन, विरेन्द्र, सागर, डेरहा, देवानंद, चन्द्रहांस, भोपाल, भागवत, ललीत, छगन, रामखिलवन, लालचन्द्र, छन्नू, डॉ रामकुमार, अर्जन, खुमान,अमित, नरेश, रूधिर एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## पेज 9 के शेष...

### कांग्रेस पार्टी के...

प्रदीप मिश्रा का प्रवचन सुनने और शिव-भक्ति के लिए गाँव-गाँव, गली-गली में आबाल-वृद्ध नर-नारी उमड़ पड़े हैं। हमें गर्व है कि धीरेंद्र शास्त्री भगवान बागेश्वर धाम की महिमा बता रहे हैं। उन्होंने सनातन को जागृत करने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों से दिल्ली में मुलाकात कर उन्हें संरक्षण देने वाले को सनातन धर्म एवं हमारे साधु-संतो पर बोलने का अधिकार नही है और यही कांग्रेस पार्टी जो लगातार सनातन का विरोध करती है वे अब कुछ राज्यों तक ही सीमित हो गए है और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी कहीं नहीं होगी।

### निजीकरण के विरोध...

सरकार का विरोध प्रदर्शन कर रहे है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंन्दू यादव, युवा कांग्रेस नेता शाहिद मेमन, नेहाल सिंह नेताम, रेवन दिवान, टिकेन्द्र नेताम, दुलेन्द्र नेगी, तनवीर राजपूत, रामभरोसा नेताम, पवन जगत, पारेश्वर नेगी, गयचंद कोमर्रा, रोहन मरकाम, पिंटू मरकाम, लोचन निर्मलकर, बृज सोनवानी, डोमार साहू, लिकेश यादव, लोकनाथ साहू, इम्तीयाज मेमन एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। पुतला दहन को लेकर कांग्रेस और पुलिस के बीच भारी गहमा गहमी देखने को मिला।

---

**कार्यक्रम : कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी**

# भाजपा मनरेगा का नाम बदलकर योजना को बंद करने की साजिश रच रही : धनेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर






छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू रविवार को मैनपुर प्रवास पर पहुंचे। कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने ध्वजारोहण किया। इस दौरान राजिम विधायक जनक ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया।

स्थापना दिवस के गरिमामयी अवसर पर धनेन्द्र साहू और विधायक जनक ध्रुव ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का साल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। धनेन्द्र साहू ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के संघर्ष और त्याग की बदौलत ही आज कांग्रेस पार्टी मजबूती से खड़ी है। स्थापना दिवस के पश्चात कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मनरेगा कानून में किए जा रहे बदलावों के विरोध में धरना-प्रदर्शन और सभा का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए धनेन्द्र साहू ने गंभीर आरोप लगाए। कहा की भाजपा और मोदी सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरासत को मिटाने की साजिश रच रही है। यूपीए सरकार ने गरीबों को रोजगार की गारंटी देने के लिए मनरेगा बनाया था, लेकिन अब इसे पूंजीपतियों के इशारे पर ठेकेदारी प्रथा में बदलने की कोशिश हो रही है। यह मजदूरों के हक पर सीधा हमला है।

### रोजगार की तलाश में लोग पलायन करने को मजबूर

विधायक जनक ध्रुव ने राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से विष्णुदेव साय की सरकार बनी है, गांव, गरीब और किसान परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में काम के अभाव में लोग पलायन करने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं लचर हो गई हैं और सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं के प्रति संवेदनहीन बनी हुई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों को लेकर गांव-गांव तक जाया जाए और जनता को जागरूक किया जाए। इस अवसर पर महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, टीकम कपिल, भुवनेश्वर नेगी, खेलन साहू, शाहिद मेमन, सरपंच गज्जू नेगी, दयाराम यादव, लिकेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# रक्तदान महादान : डॉ. दुबे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

नगर के प्रतिष्ठित लक्ष्मी नारायण अस्पताल में आज एक सराहनीय पहल के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बढ़-चढ़कर 25 यूनिट रक्तदान किया और मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीम द्वारा रक्तदाताओं का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसके पश्चात सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से रक्त संग्रहण किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के संचालक डॉ. ज्योति नारायण दुबे ने रक्तदाताओं, चिकित्सकीय टीम एवं सहयोगी स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में किसी को परेशानी न हो। डॉ. दुबे ने यह भी कहा कि लक्ष्मी नारायण अस्पताल भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी आयोजनों को निरंतर करता रहेगा। रक्तदान शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं आम नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में अस्पताल स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

---

# क्रिकेट के फाइनल में फिंगेश्वरी ने पाली को हराकर जीता खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

ग्राम सिर्रीखुर्द में आयोजित जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 7 दिनों तक चली प्रतियोगिता में जिले की 16 टीमों प्रतिभागी बनी। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच फिंगेश्वरी और पाली टीम के मध्य खेला गया जिसमें फिंगेश्वरी टीम जीत कर हासिल खिताब अपने नाम किया। इन्होंने पाली उपविजेता रही। कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विजय कंडरा जी (विधायक प्रतिनिधि मा. विधायक राजिम), प्रवीण साहू जी (अध्यक्ष - जिला साहू समाज गरियाबंद), हरीश साहू (अध्यक्ष-सरपंच संघ गरियाबंद), जनपद सभापति नंदू यादव, नेमु राम साहू, हरि राम साहू, सरपंच देवेंद्र वर्मा, पूर्व सरपंच टिकेश साहू रहे। आयोजन कर्यक्रम को सफल बनाने में आर्यन क्रिकेट क्लब के सदस्य संतोष वर्मा, एनसिंह साहू, रोहित कंडरा, चुमेश्वर वर्मा, परमानंद वर्मा, उमेश साहू, चुमेश वर्मा, हितेश कंडरा, दिलीप, पोखराज, वाकेश, पिंटू, चंद्रशेखर लक्ष्मण एवं समस्त ग्रामवासी का विशेष योगदान रहा।

### घटौद मड़ई मेला में देवी देवताओं की हुई पूजा

**मैनपुर**। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 15 किमी दूर ग्राम घटौद मे मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रभर के देव-देवताओं की डांग डोली, ध्वज, पताका पहुंचा जिसका विधिवत पूजा -अर्चना कर स्वागत किया गया और क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई मड़ई मेला में शामिल होने जिले भर से भारी भीड़ लगी रही।



---



# सिद्ध मां कर्राबाधिन में मड़ाई-मेला 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था के केंद्र सिद्ध मां कर्राबाधिन में मड़ाई मेला का भव्य आयोजन 30 दिसंबर को किया गया है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है और आयोजन समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मड़ाई मेले का शुभारंभ महामण्डलेश्वर संत सिया गोवर्धन शरण महाराज जी (सिरकटी आश्रम) और श्री भगत बाबा गिरीराज जी (परेवाडीह वाले) के करकमलों से होगा। संतों के आशीर्वाद के साथ मेले की धार्मिक रस्मों की शुरुआत की जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि रोहित साहू (विधायक, राजिम विधानसभा), अध्यक्षता मोना सेन (अध्यक्ष, छग शासन फिल्म विकास निगम एवं सांस्कृतिक परिषद) विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत महाड़कि (सदस्य जिला पंचायत), चन्द्रशेखर साहू (जिला महामंत्री भाजपा), प्रेमीन मिथलेश ध्रुव (सदस्य जनपद पंचायत), प्रवीण साहू (जिलाध्यक्ष साहू संघ) और नेतराम सिन्हा (सरपंच, ग्राम पंचायत बोड़की)। सांस्कृतिक प्रस्तुति पैरी सरगम पंडवानी मेले के दौरान दर्शकों के मनोरंजन और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'पैरी सरगम पंडवानी' का विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारी अतिथियों को उनके निवास पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित कर रहे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामकिशुन सेन, वेदराम साहू, सचिव केशरी लाल सेन, भुलु सेन और छबि राम यादव ने बताया कि इस मड़ाई मेले को सफल बनाने में पांच गांवों जोगीडिपा, फुलझर, बोड़की, चरभट्टी और चरौदा की सेवा समिति और ग्रामीणों का सक्रिय योगदान है।

---

# जिले के साईं गार्डन में अटल जी की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जन्म जयंती के अवसर पर गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश में 115 स्थानों पर अटल प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर से वर्चुअली सभी अटल प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। इसी क्रम में नगर पालिका गरियाबंद के साई गार्डन में निर्मित अटल प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, कलेक्टर बीएस उइके, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने फीता काटकर प्रतिमा का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंदूलाल साहू ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश को विकास की नई दिशा दी। उन्होंने जय जवान, जय किसान के साथ जय विज्ञान का नारा देकर भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का कार्य किया। अटल जी का जीवन आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



### अटल जी संस्कार और राष्ट्रभक्ति की जीवंत मिसाल थे

पोखरण में उनका परमाणु परीक्षण करना सहित कई घटना उनके क्षमता का परिचत कराते है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की जीवंत मिसाल थे। उन्होंने कहा कि अटल जी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया और आम जनमानस के कल्याण के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए। आज नगर में उनकी प्रतिमा का अनावरण हम सभी के लिए गौरव का क्षण है, जो आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देती रहेगी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटलजी की स्मृतियों को चिरस्थायी रखने उनके जन्म शताब्दी वर्ष में पिछले वर्ष नगरीय निकायों में अटल परिसरों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया था। आज इन्ही का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में बलदेव सिंह हुंदल, मुरलीधर सिन्हा, आशीष शर्मा, सुमित पारख, सुरेंद्र सोनटेके, अनूप भोसले, विष्णु मरकाम, बिंदु सिन्हा, सूरज सिन्हा, रेणुका साहू, खेम सिंह बघेल, टिंकू ठाकुर, तनु साहू, प्राची कुटारे, नरोत्तम साहू, सागर मयाणी, प्रतीक सिंह, अमित बखरिया, प्रतिमा हुमने, सहित पालिका स्टाफ बड़ी संख्या में पालिका के अधिकारी -कर्मचारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

---

# गायत्री महायज्ञ में उमड़ा जनसैलाब



**मैनपुर**। मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर मे राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 24 कुंण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ विशाल शोभा यात्रा एवं पूजा अर्चना कर किया गया। दूसरे दिन ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग कार्यकर्ता संगोष्ठी संगीतमय यज्ञ पुराण कथा का आयोजन किया गया। इस गायत्री महायज्ञ को लेकर पूरे अमलीपदर को चारो तरफ सजाया गया है गांव का पूरा महौल धार्मिक मय हो गया है। हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं तथा भण्डारे का भी आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम मे शांतिकुंज टोली से प्रमुख डॉ. अशोक धोके, अमलीपदर यज्ञ समिति अध्यक्ष निर्भय ठाकुर, संरक्षक सेवन पुजारी, श्रवण सतपथी, विनय पाण्डेय, पंकज मांझी, सरपंच श्रीमती हेमो बाई नागेश, उपसरपंच चन्दशेखर ठाकुर, रविंद्र मेघराज राजपुरोहित, गौतम जैन, हर्ष जैन, गायत्री शक्ति पीठ कांडेकेला मुख्य ट्रष्टि केनू राम, समन्वयक देवशरण साहू, व्यवस्थापक उमाशंकर हंसराज, वरुण चक्रधारी, कोषाध्यक्ष प्रेमचक्रधारी, जीवन सेन, शिवराज यादव, मकरध्वज यादव, यशवंत मरकाम, केशव कश्यप, शुबल सिंह ठाकुर, मुकेश साहू, डोमार सिन्हा, सहित आसपास के ग्रामीण जन गायत्री परिवार के लोग हजारो की संख्या मे उपस्थित थे।

### बिहार हाईकोर्ट के जस्टिस राजीव राय ने घटारानी दरबार में माथा टेका

**छुईहा बेलर**। बिहार राज्य की न्यायधीश हाईकोर्ट जस्टिस राजिव राय अपने परिवार के साथ क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन एंव धार्मिक स्थल माता घटारानी दर्शन करने पहुंचे। मंदिर पहुंचने पर पुजारी धनसिंग ध्रुव ने स्वागत किया। अतिथि प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षा, कानुन शांति एंव यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फिंगेश्वर थाना निरक्षक गौतम गावड़े, भगवान सिंग ध्रुव मार्गदर्शन किया।



---

# कांग्रेस पार्टी के 141 वें स्थापना दिवस पर सुखचंद बेसरा ने झंडा फहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद



कांग्रेस के 141 वे स्थापना दिवस पर जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने पार्टी कार्यालय में झंडा रोपण किया।बोले 28 दिसंबर 1885 को बॉम्बे में स्थापित हमारी संगठन ने देश की आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण तक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में आज जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के नेतृत्व में आज पार्टी के स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।कार्यालय में संगठन के समस्त बलिदानी नेताओं को याद किया गया फिर पार्टी का झंडा रोपण कर स्थापना दिवस मनाया गया।इस बीच कांग्रेस ने जय कांग्रेस का नारा लगाते रहे,गरियाबंद ब्लॉक भर से पहुंचे पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुखचंद बेसरा ने कहा कि आज हम कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस पर इकत्रित हुए हैं। यह दिन हमारे लिए गर्व का दिन है, क्योंकि हमने देश की आजादी और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमारे महान नेताओं ने हमें सिखाया है कि देश की सेवा करना हमारा पहला धर्म है। महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और मौलाना आजाद जैसे नेताओं ने हमें संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रेरित किया है। आज, हम देश के सामने खड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट हैं। नफरत, अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। हम किसानों के अधिकारों की सुरक्षा, युवाओं के सशक्तिकरण और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए काम करेंगे। कांग्रेस पार्टी संवैधानिक मूल्यों की रक्षा एवं लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए संकल्पबद्ध है। हम देश को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट हैं और हमें विश्वास है कि हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे। इस आयोजन में प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष प्रेम सोनवानी, युगल पाण्डे, छगन यादव पार्षद, सन्नी मेमन, राजेश साहू, अवध यादव, डीलेश्वर देवगन, महेश्वर बघेल, मुकेश भाई, हरीश ठक्कर, सुजीत कुटारे, अर्जुन सोनवानी, पार्वती ध्रुव, शसविता गिरी गोस्वामी, प्रतिभा पटेल, ममता फूलझरे, जुनेद, लछमन चक्रधारी, महेंद्र राजपूत, प्रहलाद यादव, निक्की यादव, मुकेश यादव, देबू देववेंद्र यादव, निराला, मिहुल पवार, उत्तम यादव, बसंत यादव, मिथुन यादव बालमुकून यादव, तरुण यादव, कादर, केदार, पारुल, सौरभ यादव आदि शामिल थे।

---

**विधायक ने की 10 लाख रुपए के टिन शेड की घोषणा की**

# अतरमरा में अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का समपान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांडुका





ग्राम अतरमरा में भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस आध्यात्मिक आयोजन के समापन पर आयोजित महाआरती में राजिम विधायक रोहित साहू मुख्य रूप से शामिल हुए। उनके साथ जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी एवं जनपद सदस्य दुलारी साहू भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक रोहित साहू का ग्रामीणों और आयोजकों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक साहू ने पूर्व में की गई अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए ग्राम अतरमरा में 10 लाख रुपए की लागत से टीन शेड निर्माण की घोषणा की। इस निर्माण से भविष्य में धार्मिक व सामाजिक आयोजनों के लिए ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

### धार्मिक आयोजनों से बढ़ती है सामाजिक एकता

विधायक की घोषणा पर जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ-साथ सकारात्मक सोच और एकता को बल मिलता है। उन्होंने आयोजन की भव्यता और अनुशासन के लिए समिति की सराहना की। अखंड पाठ के दौरान पूरा क्षेत्र मां दुर्गा की आराधना से गुंजायमान रहा। भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा इस अवसर परनशा मुक्ति अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। सात्विक जीवन जीने और मानवता की सेवा का संकल्प दिलाया गया। जन-जागरण के माध्यम से सामाजिक बुराइयों को दूर करने की अपील की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भगवती मानव कल्याण संगठन और ग्रामवासियों की सक्रिय भूमिका रही। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने महाआरती में सम्मिलित होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।